| |
|---|
| दिनांक 08.04.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 08/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद खीरी/थाना कोतवाली सदर

- **30 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **16 हजार 600 रूपये नगद**
- **03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 08.04.2024 को थाना कोतवाली सदर, थाना खीरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शारदा नहर पुल बैरियर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारूल उर्फ पतरिया सहित अभियुक्त 2–हलीम उर्फ छुटकऊ 3–इरफान 4–दिलशाद 5–जियाउल्ल 6–साहिबे आलम 7–अरशद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 16 हजार 600 रूपये नगद, 03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारूल उर्फ पतरिया के विरूद्ध जनपद सीतापुर, हरदोई, खीरी के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त हलीम उर्फ छुटकऊ, इरफान व अरशद अंसारी के विरूद्ध जनपद खीरी, सीतापुर, लखीमपुर व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट आदि के 17–17 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारूल उर्फ पतरिया जनपद हरदोई व जनपद लखीमपुर खीरी से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद हरदोई व जनपद लखीमपुर खीरी से 15–15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारूल उर्फ पतरिया निवासी रसूलपुर बकईया थाना सकरन जनपद सीतापुर।

2—हलीम उर्फ छुटकऊ निवासी ग्राम रसूलपुर बकईया थाना सकरन जनपद सीतापुर।

3—इरफान निवासी मो0बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर।

4—दिलशाद निवासी मो0बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर।

5—जियाउल्ल निवासी मो0सैय्यद बाडा कस्बा व थाना खीरी जनपद खीरी।

6—साहिबे आलम निवासी मो0बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर।

7—अरशद अंसारी निवासी मो0कटरा कस्बा व थाना खीरी जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1—16 हजार 600 रूपये नगद।

2—03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**जनपद भदोही/थाना चौरी**

- **10—10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 01 लाख 20 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 08.04.2024 को थाना चौरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मईहर दो पट्टी चौराहा के पास से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1—सौरभ उर्फ अवनीश 2—गोलू उर्फ शिवम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 01 लाख 20 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना चौरी पर पंजीकृत लूट के अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10—10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चौरी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—सौरभ उर्फ अवनीश निवासी रघुनाथपुर थाना बड़ागॉव, वाराणसी।

2—गोलू उर्फ शिवम निवासी ग्राम मलेथु थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूटे गये 01 लाख 20 हजार रूपये नगद।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## <u>जनपद अम्बेडकरनगर/थाना कोतवाली आलापुर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्तों सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की भारी मात्रा में सोने—चॉदी के आभूषण**
- **52 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 07.04.2024 की रात्रि थाना कोतवाली आलापुर, थाना हँसवर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना आलापुर क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक आरक्षी घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—गया प्रसाद 2—रामजी घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया, अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये। पुलिस टीम द्वारा फरार 03 अभियुक्तों 3—रामबली 4—कमलेश 5—विक्रम को पिपरा चौराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की भारी मात्रा में सोने—चॉदी के आभूषण, 52 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त रामजी के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर, खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 20 अभियोग, अभियुक्त गया प्रसाद के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर के थाना कोतवाली आलापुर पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त रामबली, कमलेश, विक्रम के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर के विभिन्न थानों पर चोरी के आधा–आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली आलापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गया प्रसाद निवासी ग्राम रायपुर थाना ईसानगर जनपद खीरी।

2–रामजी निवासी ग्राम ओझाव थाना ईसानगर जनपद खीरी।

3–रामबली निवासी कैराती पुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी।

4–कमलेश निवासी कैराती पुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी।

5–विक्रम निवासी लौकही ईसानगर जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1–चोरी की भारी मात्रा में सोने–चॉदी के आभूषण।

2–52 हजार रूपये नगद।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना हरीपर्वत

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **3650/–रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 बुलट मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 07/08.04.2024 की रात्रि थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर

जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कासिम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 3650/—रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 बुलट मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर डकैती, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 17 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कासिम निवासी सराय ख्वाजा थाना शाहगंज, आगरा।

**बरामदगी**

1—3650/—रूपये नगद।

2— घटना में प्रयुक्त 01 बुलट मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद खीरी/थाना भीरा

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **16 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **08 जीवित, 04 खोखा, 02 मिस कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 08.04.2024 को थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भीरा नहर पटरी फॉरेस्ट कोठी के पास जंगल से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1—असलम 2—सुशील कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 16 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 08 जीवित, 04 खोखा, 02 मिस कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सुशील कुमार शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना भीरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—असलम निवासी कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी।

2—सुशील कुमार निवासी कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1—16 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—08 जीवित, 04 खोखा, 02 मिस कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर।

3—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

**कमिश्नरेट वाराणसी/थाना मंडुवाडीह**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 07.04.2024 को थाना मंडुवाडीह पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भुल्लनपुर स्टेशन के पास से 02 अभियुक्तों 1—शाहिल उर्फ सलीम 2—साहिद जमाल उर्फ टेनी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना मंडुवाडीह पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शाहिल उर्फ सलीम निवासी ग्राम गोधना थाना कछवा जनपद मीरजापुर।

2—साहिद जमाल उर्फ टेनी निवासी ग्राम महुवरिया थाना लोहता, वाराणसी।

**बरामदगी**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद हरदोई/थाना कोतवाली शहर**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **02 जीवित, 02 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 07.04.2024 की रात्रि थाना कोतवाली शहर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम कसरावां जाने वाले मार्ग के निकट आम की बाग से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–जगदीश 2–शिशुपाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जगदीश निवासी ग्राम मोहकमपुरवा थाना टड़ियावां जनपद हरदोई।

2–शिशुपाल निवासी गुलरीपुरवा थाना टड़ियावां जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1–10 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–02 जीवित, 02 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना थानगांव

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 किलो 611 ग्राम अवैध अफीम**
- **03 हजार 200 रूपये नगद**
- **01 कार (बिना नम्बर) बरामद**

दिनांक 08.04.2024 को थाना थानगांव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चौका नदी पुल ग्राम चंदौली के पास से अभियुक्त सुखराज उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 किलो 611 ग्राम अवैध अफीम, 03 हजार 200 रूपये नगद, 01 कार (बिना नम्बर) बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना थानगांव पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुखराज उर्फ सुक्खा निवासी ग्राम बनवीरपुर थाना तिकौनिया जनपद लखीमपुर खीरी, हालपता नई बस्ती नवी कोट बन्दना बक्सी का तालाब कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—01 किलो 611 ग्राम अवैध अफीम।

2—03 हजार 200 रूपये नगद।

3—01 कार (बिना नम्बर)।

## जनपद देवरिया/थाना कोतवाली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 56 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा**
- **घटना प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 07.04.2024 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सोनूघाट बरहज मार्ग से 02 अभियुक्तों 1—नवनीत 2—रूदल

को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 56 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा, घटना प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नवनीत निवासी जमुई थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया।

2–रूदल निवासी करूअना थाना बरहज जनपद देवरिया।

**बरामदगी**

1–लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 56 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा।

2–घटना प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन।

- **जनपद बांदा/थाना कमासिन (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 30 वर्ष के कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बांदा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बांदा द्वारा थाना कमासिन पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त रज्जू उर्फ राजेश को 30 वर्ष के कारावास व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद हमीरपुर/थाना सुमेरपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को 10–10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 307 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–वेद प्रकाश 2–सत्यम उर्फ मोनू को 10–10 वर्ष के कठोर कारावास व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना अरनिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376(1) भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त सुशील उर्फ सचिन को 10 वर्ष के कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————